दैनिक राष्ट्रीय डिजिटल समाचार पत्र

PADMAVAT MEDIA
न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे

Reg.No.MH180326353

# पद्मावत मीडिया

• डिजिटल संस्करण महाराष्ट्र एवं राजस्थान से प्रकाशित •

www.padmavatmedia.in
padmavatmedia@gmail.com

• न रिश्वत लेंगे, न रिश्वत देंगे •

• वर्ष 13 • डिजिटल अंक 01 • मुंबई, बुधवार, 26 अगस्त, 2026 • प्रधान संपादक : पवन जैन पदमावत • कुल पृष्ठ 04 • मूल्य : 0.00/- • निःशुल्क

## खबर संक्षिप्त

### देवगढ़ पुलिस की कार्रवाई, अवैध पिस्टल के साथ आरोपी गिरफ्तार




**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** देवगढ़ थाना पुलिस ने अवैध हथियारों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को देशी पिस्टल के साथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में हथियार की खरीद-फरोख्त सामने आने पर पुलिस ने दो अन्य आरोपियों को भी गिरफ्तार किया। पुलिस ने 13 अगस्त को रीको क्षेत्र की सर्विस रोड के पास कार्रवाई कर पारस गुर्जर को पकड़ा और उसके कब्जे से बिना लाइसेंस की देशी पिस्टल बरामद की। पूछताछ में उसने पिस्टल राजेशसिंह से खरीदना बताया। राजेशसिंह से पूछताछ में हथियार शेरसिंह से खरीदने की जानकारी सामने आई, जिसके बाद दोनों को भी गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपीः पारस गुर्जर निवासी मोखमपुरा, आसींद, भीलवाड़ा; राजेशसिंह निवासी कुड़ीबेर पीपली नगर, देवगढ़; शेरसिंह निवासी रूपपुरा, बदनौर, ब्यावर। पुलिस हथियार की खरीद-फरोख्त और सप्लाई नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों के बारे में जांच कर रही है। इस कार्रवाई में देवगढ़ थाना पुलिस की टीम शामिल रही।

### जयपुर में अस्थाई अतिक्रमण पर कार्रवाई, 2 केन्टर सामान जब्त



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** नगर निगम जयपुर की सतर्कता शाखा ने मंगलवार को विभिन्न क्षेत्रों में अस्थाई अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 2 केन्टर सामान जब्त किया और अतिक्रमणकर्ताओं से 1 हजार रुपये कैरिंग चार्ज वसूल किया। सतर्कता टीम ने दुर्गापुरा डालडा फैक्ट्री, बी-2 बाईपास मानसरोवर चैपाटी, भारत माता सर्किल मानसरोवर और 200 फीट बाईपास अजमेर रोड क्षेत्र में अतिक्रमण हटाया। जब्त सामान को गोदाम में भिजवाया गया। टीम ने अतिक्रमणकर्ताओं को भविष्य में अस्थाई अतिक्रमण नहीं करने की हिदायत दी। उल्लंघन करने पर चालान सहित प्रभावी कार्रवाई की चेतावनी दी गई।

### 'स्वच्छ जयपुर-स्वस्थ जयपुर' अभियान शुरू, सांगानेर-मानसरोवर में विशेष सफाई




**जयपुर@पदमावत मीडिया।** मानसून के दौरान स्वच्छता व्यवस्था मजबूत करने और मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए नगर निगम जयपुर ने 'स्वच्छ जयपुर-स्वस्थ जयपुर' विशेष अभियान शुरू किया। पहले चरण में सांगानेर और मानसरोवर जोन में चिन्हित स्थानों पर विशेष सफाई की गई। सांगानेर स्टेडियम से अतिरिक्त आयुक्त नरेंद्र बंसल ने हरी झंडी दिखाकर सफाईकर्मियों और मशीनरी को रवाना किया। इस दौरान कचरा संग्रहण स्थलों, सड़क किनारे, डिवाइडर और सार्वजनिक स्थानों से कचरा एवं मलबा हटाया गया। सफाई के लिए लिटर पिकर, सुपर सकर, हॉपर, डंपर और जेसीबी सहित आधुनिक मशीनरी का उपयोग किया गया। नगर निगम आयुक्त ओम कसेरा ने बताया कि अभियान का उद्देश्य गंदगी वाले चिन्हित स्थानों को साफ करने के साथ जलभराव एवं मच्छरों के प्रजनन की रोकथाम करना है। इसके लिए एंटी लार्वा गतिविधियां, फॉगिंग और दवा का छिड़काव भी किया जाएगा। अभियान 7 सितंबर तक छह चरणों में चलेगा। अगला चरण 27 अगस्त को जगतपुरा, झालाना और मालवीय नगर में आयोजित होगा।

### निकाय चुनाव को लेकर महिला कांग्रेस की बैठक, महिला दावेदारों ने पेश की दावेदारी



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** आगामी निकाय चुनावों को लेकर उदयपुर शहर महिला कांग्रेस की बैठक आयोजित हुई। बैठक में चुनाव तैयारियों, महिला भागीदारी और संभावित महिला प्रत्याशियों को लेकर चर्चा की गई। महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष तारीका भानुप्रताप सिंह ने बताया कि बैठक में शहर कांग्रेस अध्यक्ष फतेह सिंह राठौड़ सहित कांग्रेस के पदाधिकारी एवं प्रभारी मौजूद रहे। इस दौरान पार्षद पद के लिए इच्छुक महिला दावेदारों ने आवेदन प्रस्तुत किए। दावेदारों से उनके वार्ड, संगठन में सक्रियता तथा जनसेवा एवं सामाजिक कार्यों की जानकारी ली गई। वरिष्ठ नेताओं ने महिला कार्यकर्ताओं को चुनाव की तैयारियों के लिए मार्गदर्शन देते हुए संगठन को मजबूत करने और महिलाओं की अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

## मतदाता जागरूकता साइकिल रैली से गूंजा शत-प्रतिशत मतदान का संदेश

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**सलूम्बर।** नगर परिषद सलूम्बर नगरीय निकाय चुनाव-2026 के तहत मतदाता जागरूकता एवं लोकतांत्रिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत मंगलवार को मतदाता जागरूकता साइकिल रैली आयोजित की गई। जिला निर्वाचन अधिकारी मुहम्मद जुनैद, रिटर्निंग अधिकारी जगदीश चन्द्र बामणिया, जिला स्वीप प्रभारी अधिकारी रामावतार यादव एवं आयुक्त नगर परिषद सलूम्बर अभिषेक शर्मा के निर्देशन में आयोजित रैली के माध्यम से आमजन को शत-प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक एवं प्रेरित किया गया। प्रातः 10:30 बजे पी.एम. श्री राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूम्बर परिसर से साइकिल रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली में विद्यालय के बालक-बालिकाओं सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विद्यार्थी साइकिलों पर सवार होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरे और मतदाता जागरूकता के संदेश को आमजन तक पहुंचाया।

रैली चूंगी नाका, मुख्य बस स्टैंड सहित शहर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर पुनः पी.एम. श्री विद्यालय पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान विद्यार्थियों ने मतदाता जागरूकता से जुड़े नारों के माध्यम से आमजन से आगामी नगरीय निकाय चुनाव में अपने मताधिकार का अनिवार्य रूप से प्रयोग करने की अपील की।

**महिलाओं की भागीदारी पर दिया विशेष जोर**

साइकिल रैली के दौरान बालक-बालिकाओं ने लोकतंत्र में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी और मतदान के महत्व को लेकर भी जागरूकता संदेश दिया। लोकतंत्र में नारी की भागीदारी, मतदान करना हमारी जिम्मेदारी जैसे नारों के माध्यम से महिला मतदाताओं से आगामी चुनाव में अधिकाधिक संख्या में मतदान करने का आह्वान किया गया। विद्यार्थियों ने संदेश दिया कि लोकतंत्र की मजबूती में प्रत्येक मतदाता की महत्वपूर्ण भूमिका है। मतदान केवल अधिकार ही नहीं, बल्कि लोकतंत्र के प्रति नागरिक जिम्मेदारी भी है। प्रत्येक पात्र मतदाता को बिना किसी भय, दबाव अथवा प्रलोभन के अपने विवेक के अनुसार मतदान करना चाहिए।

**विद्यार्थियों में दिखा उत्साह**

साइकिल रैली के दौरान विद्यालय के बालक-बालिकाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों ने मतदान के महत्व को समझने के साथ ही अपने परिवार, परिचितों और आसपास के लोगों को भी मतदान के प्रति जागरूक करने का संदेश दिया। उन्होंने आमजन से आगामी नगरीय निकाय चुनाव में अनिवार्य रूप से मतदान करने की अपील की। स्वीप गतिविधि का उद्देश्य मतदान प्रतिशत में वृद्धि के साथ विशेष रूप से युवा एवं महिला मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया से जोड़ना तथा उन्हें अपने मताधिकार के प्रति जागरूक करना रहा।

**अधिकारी-कर्मचारियों की रही सहभागिता**

इस अवसर पर पी.एम. श्री विद्यालय के प्रधानाचार्य भगवान लाल त्रिवेदी, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय सलूम्बर के कार्मिक, नगर परिषद सलूम्बर के कार्मिक तथा स्वीप प्रकोष्ठ से इंद्र लाल पांचाल, राजेंद्र कुमार, दिनेश कुमार सालवी, दीपक मेहता एवं प्रदीप जोशी सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। नगर परिषद सलूम्बर नगरीय निकाय चुनाव-2026 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता के लिए विभिन्न स्वीप गतिविधियां निरंतर आयोजित की जा रही हैं। इन गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया एवं मताधिकार के महत्व की जानकारी देने के साथ प्रत्येक पात्र मतदाता को मतदान केंद्र तक पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि आगामी नगरीय निकाय चुनाव में प्रत्येक पात्र मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में सहभागी बने तथा अपने परिवार एवं आसपास के लोगों को भी मतदान के लिए प्रेरित करे।

## कबड्डी अनुशासन, टीम भावना और शारीरिक मजबूती का प्रतीक : राज्यपाल

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**जयपुर/दौसा।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे मंगलवार को महवा स्थित द बोहराज ग्लोबल स्कूल में आयोजित सीबीएसई कबड्डी गर्ल्स स्टेट क्लस्टर टूर्नामेंट में शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों और रेफरी से परिचय प्राप्त कर टॉस करवाया।

राज्यपाल ने कहा कि कबड्डी देश का पारंपरिक खेल है और यह अनुशासन, टीम भावना, साहस एवं शारीरिक क्षमता का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों से शारीरिक क्षमता के साथ बौद्धिक विकास पर भी ध्यान देने तथा नियमित अध्ययन की आदत विकसित करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी पाठ्यपुस्तकों के साथ साहित्य एवं उपयोगी पुस्तकों का भी अध्ययन करें। शिक्षकों से विद्यार्थियों में शिक्षा के साथ अनुशासन, शारीरिक क्षमता और सकारात्मक सोच विकसित करने का आह्वान किया।

राज्यपाल ने कहा कि बालिकाएं शिक्षा और खेल सहित विभिन्न क्षेत्रों में आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने बालिकाओं से निरंतर मेहनत कर अपने लक्ष्य हासिल करने का आह्वान किया।

## दहीहंडी को एशियाई, राष्ट्रमंडल और ओलंपिक खेलों तक ले जाने का प्रयास करेगी सरकार : फडणवीस

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**मुंबई।** मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि महाराष्ट्र की सांस्कृतिक पहचान दहीहंडी को प्रो गोविंदा के माध्यम से देश और दुनिया तक पहुंचाया जा रहा है। राज्य सरकार इस साहसिक खेल को अखिल भारतीय स्तर पर मान्यता दिलाकर एशियाई खेल, राष्ट्रमंडल खेल और आगे ओलंपिक तक ले जाने के लिए हरसंभव प्रयास करेगी। वरली स्थित एसवीपी स्टेडियम में प्रो गोविंदा लीग 2026 सीजन-4 के उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि दहीहंडी केवल उत्सव नहीं, बल्कि एकता और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। गोविंदाओं द्वारा एक-दूसरे का सहारा लेकर मानव मीनार बनाना सामूहिक शक्ति और एकजुटता का संदेश देता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रो गोविंदा लीग के माध्यम से दहीहंडी को आधुनिक खेल प्रतियोगिता का स्वरूप दिया जा रहा है। इसे ओलंपिक संघ और संबंधित खेल संगठनों से मान्यता दिलाने के प्रयास किए जाएंगे। परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने बताया कि राज्य सरकार ने दहीहंडी यानी प्रो गोविंदा को साहसिक खेल का दर्जा दिया है। वर्ष 2023 से गोविंदाओं को बीमा सुविधा दी जा रही है और इस वर्ष इसका लाभ पाने वाले गोविंदाओं की संख्या बढ़ाकर 1 लाख 60 हजार करने का निर्णय लिया गया है। प्रो गोविंदा लीग में 16 टीमों के 3,200 गोविंदा भाग ले रहे हैं। प्रतियोगिता तीन दिनों तक चलेगी।

## मध्यप्रदेश पुलिस की महिला आरक्षक वर्षा पटेल ने यूरोप की सर्वोच्च चोटी माउंट एल्ब्रुस पर फहराया तिरंगा

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**भोपाल।** मध्यप्रदेश पुलिस में आरक्षक के पद पर जबलपुर में कार्यरत वर्षा पटेल ने 21 अगस्त 2026 को यूरोप महाद्वीप की सर्वोच्च चोटी माउंट एल्ब्रुस (18,510 फीट/5,642 मीटर) को सफलतापूर्वक फतह कर शिखर पर भारत का तिरंगा और मध्यप्रदेश पुलिस का ध्वज फहराकर प्रदेश और देश का गौरव बढ़ाया है। कठिन मौसम, तेज हवाओं और कड़ाके की ठंड के बीच वर्षा पटेल ने साहस, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए 21 अगस्त की सुबह 9 बजकर 7 मिनट पर माउंट एल्ब्रुस के शिखर पर पहुंचकर यह उपलब्धि हासिल की। पुलिस महानिदेशक कैलाश मकवाणा ने वर्षा पटेल को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि कठिन परिस्थितियों के बीच माउंट एल्ब्रुस जैसी चुनौतीपूर्ण चोटी को फतह कर तिरंगा फहराना पूरे पुलिस विभाग के लिए गर्व का विषय है। वर्षा पटेल ने अपने साहस, अनुशासन और दृढ़ संकल्प से न केवल मध्यप्रदेश पुलिस, बल्कि प्रदेश और देश का नाम भी गौरवान्वित किया है। उनकी उपलब्धि पुलिस बल की महिला सदस्यों के साथ-साथ प्रदेश की बेटियों के लिए भी प्रेरणादायक है।

माउंट एल्ब्रुस अभियान की शुरुआत 11 अगस्त 2026 को हुई थी। अभियान के दौरान लगातार बदलते मौसम, तेज हवाओं, अत्यधिक ठंड और प्रतिकूल पर्वतीय परिस्थितियों के कारण दल को कई दिनों तक अनुकूल मौसम का इंतजार करना पड़ा। 20 और 21 अगस्त को मौसम अनुकूल होने पर शिखर अभियान शुरू किया गया। रूस की कड़ाके की ठंड और तेज हवाओं के बीच वर्षा पटेल ने सभी चुनौतियों का साहसपूर्वक सामना किया और 21 अगस्त की सुबह माउंट एल्ब्रुस के शिखर पर पहुंचकर तिरंगा फहराया।

वर्षा पटेल को बचपन से ही खेलकूद और पर्वतारोहण में विशेष रुचि रही है। वे बेसबॉल की राष्ट्रीय स्तर की खिलाड़ी रह चुकी हैं और राष्ट्रीय स्तर पर 10 से अधिक पदक प्राप्त कर चुकी हैं। वर्ष 2024 में उन्होंने ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप की सर्वोच्च चोटी माउंट कोज़ियास्को पर भारत का तिरंगा फहराकर मध्यप्रदेश पुलिस की पहली महिला आरक्षक के रूप में यह उपलब्धि हासिल की थी।

वर्षा पटेल की यह उपलब्धि महिला शक्ति, खेल प्रतिभा, अनुशासन, साहस और दृढ़ संकल्प का प्रेरणादायक उदाहरण है। मध्यप्रदेश पुलिस की वर्दी से लेकर दुनिया की ऊंची पर्वत चोटियों तक वर्षा पटेल ने अपने साहस, संघर्ष और संकल्प से तिरंगे को नई ऊंचाई दी है। उनकी यह उपलब्धि मध्यप्रदेश पुलिस परिवार के साथ-साथ पूरे प्रदेश और देश के लिए गौरव का विषय है।

## निकाय चुनाव से पहले राजस्थान पुलिस की बड़ी कार्रवाईः 929 स्थानों पर नाकाबंदी, 50 हजार 662 वाहनों की जांच, 286 गिरफ्तार

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**उदयपुर।** निकाय चुनाव से पहले राजस्थान पुलिस ने अपराधियों और संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए प्रदेशभर में एक साथ विशेष नाकाबंदी अभियान चलाया। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशन में 23 अगस्त को प्रदेश के 929 स्थानों पर चार घंटे तक नाकाबंदी कर 50 हजार 662 वाहनों की जांच की गई। इस दौरान मोटर वाहन अधिनियम के तहत 9,421 कार्रवाई की गई, जबकि विभिन्न मामलों में 286 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 37 वाहन जब्त किए गए। अतिरिक्त महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था वी.के. सिंह के अनुसार नाकाबंदी के दौरान वाहन चालकों के अनुज्ञापत्र, वाहन दस्तावेज और नंबर प्लेट की जांच की गई। संदिग्ध व्यक्तियों की पहचान का सत्यापन करने के साथ चोरी के वाहनों, अवैध हथियारों, मादक पदार्थों और अन्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल लोगों पर विशेष निगरानी रखी गई। विशेष नाकाबंदी के दौरान पुलिस ने 27 हजार 397 दोपहिया और 23 हजार 265 चारपहिया सहित कुल 50 हजार 662 वाहनों की जांच की। बिना हेलमेट वाहन चलाने वाले 2,685, बिना सीट बेल्ट 987 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 345 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। वहीं निर्धारित प्रारूप से अलग, अस्पष्ट या बिना नंबर प्लेट वाले 779 वाहनों, काली फिल्म लगे 741 वाहनों तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने वाले 171 चालकों के खिलाफ कार्रवाई की गई। अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए आबकारी अधिनियम, शस्त्र अधिनियम, एनडीपीएस अधिनियम तथा स्थानीय एवं विशेष अधिनियमों के तहत 75 प्राथमिकी दर्ज कर 81 लोगों को गिरफ्तार किया गया। वहीं भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत निरोधात्मक कार्रवाई करते हुए 205 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इस दौरान 37 वाहन भी जब्त किए गए। विभिन्न स्थानों से अवैध शराब, मादक पदार्थ और हथियार भी बरामद किए गए। पुलिस के अनुसार इस विशेष अभियान का उद्देश्य निकाय चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराना तथा आमजन में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करना रहा। राजस्थान पुलिस द्वारा अपराधियों और कानून-व्यवस्था को प्रभावित करने वाली गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। राजस्थान पुलिस की नाकाबंदी में 929 स्थानों पर कार्रवाई करते हुए 50 हजार 662 वाहनों की जांच की गई। इनमें 27 हजार 397 दोपहिया और 23 हजार 265 चारपहिया वाहन शामिल रहे। बिना हेलमेट 2,685, बिना सीट बेल्ट 987, शराब पीकर वाहन चलाने पर 345, नंबर प्लेट संबंधी 779, काली फिल्म के 741 और मोबाइल फोन का उपयोग करते वाहन चालकों के खिलाफ 171 कार्रवाई की गई। कुल 9,421 मोटर वाहन अधिनियम संबंधी कार्रवाई हुई तथा 37 वाहन जब्त किए गए। विभिन्न अधिनियमों में 75 प्राथमिकी दर्ज कर 81 लोगों को गिरफ्तार किया गया, जबकि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 170 के तहत 205 लोगों को गिरफ्तार किया गया। राजस्थान पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य चुनाव प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष वातावरण में संपन्न कराना तथा आमजन में सुरक्षा का विश्वास मजबूत करना है। अपराध और कानून-व्यवस्था को लेकर राजस्थान पुलिस की सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

## रिक्षा-टैक्सी चालकों के लिए मराठी भाषा प्रशिक्षण अभियान जारी रहेगा : प्रताप सरनाईक




**मुंबई@पदमावत मीडिया।** महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री प्रताप सरनाईक ने कहा कि राज्य में गैर-मराठी भाषी रिक्षा-टैक्सी चालकों को व्यावहारिक मराठी भाषा का प्रशिक्षण देने का अभियान आगे भी जारी रहेगा। 105 दिवसीय विशेष अभियान के तहत अब तक करीब 1 लाख 65 हजार 800 चालकों को प्रशिक्षण दिया जा चुका है। मंत्री ने मंगलवार को मंत्रालय में पत्रकार वार्ता में बताया कि मुंबई, ठाणे, भिवंडी, नालासोपारा, वसई-विरार और नवी मुंबई में प्रशिक्षण कार्यशालाएं आगे भी आयोजित की जाएंगी। प्रशिक्षण केंद्रों की सूची संबंधित क्षेत्रीय परिवहन कार्यालयों को उपलब्ध करा दी गई है। उन्होंने बताया कि चालकों को मराठी सीखने के लिए प्रारंभिक रूप से एक माह का समय दिया जाएगा। इसके बाद भी जानबूझकर भाषा सीखने से इनकार करने पर नियमानुसार बैज रद्द करने की कार्रवाई की जा सकती है। सरनाईक ने कहा कि यह अभियान सामाजिक प्रतिबद्धता और समाजसेवा की भावना से चलाया जा रहा है। साथ ही कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार रोजगार छीनने वाली नहीं, बल्कि रोजगार देने वाली है और नागरिक अफवाहों पर विश्वास न करें। मंत्री ने बताया कि हिंदूहृदयसम्राट बालासाहेब ठाकरे मराठी भाषा अभियान को भी लगातार आगे बढ़ाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार रिक्षा-टैक्सी संगठनों के प्रतिनिधियों के साथ लगातार संवाद कर रही है और किसी के खिलाफ गलत तरीके से कार्रवाई नहीं की जाएगी।

## आगामी त्योहारों को लेकर चित्तौड़गढ़ में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

**चित्तौड़गढ़@पदमावत मीडिया।** आगामी त्योहार बारावफात एवं रक्षाबंधन को देखते हुए कानून-व्यवस्था और सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने के लिए मंगलवार को चित्तौड़गढ़ शहर में पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला। पुलिस लाइन, कोतवाली थाना, कालिका पेट्रोलिंग यूनिट एवं एमबीसी का जाप्ता फ्लैग मार्च में शामिल रहा।



फ्लैग मार्च गोल प्याऊ से शुरू होकर पावटा चौक, सदर बाजार, सुभाष चौक होते हुए वापस गोल प्याऊ पहुंचा। पुलिस जवानों ने प्रमुख बाजारों, सार्वजनिक स्थानों एवं संवेदनशील क्षेत्रों में पैदल मार्च कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। जिला पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि त्योहारों को देखते हुए प्रमुख स्थानों पर गश्त एवं निगरानी बढ़ाई गई है। असामाजिक तत्वों और संदिग्ध गतिविधियों पर विशेष नजर रखी जा रही है। उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक एवं अफवाह फैलाने वाली सामग्री की भी निगरानी की जाएगी। आमजन से अपुष्ट सूचनाओं और अफवाहों को साझा या प्रसारित नहीं करने तथा ऐसी सामग्री की सूचना पुलिस को देने की अपील की गई है। पुलिस अधीक्षक ने जिलेवासियों से त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने और पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का आग्रह किया।

## खबर संक्षिप्त

### राष्ट्रीय खेल दिवस पर 27 से 30 अगस्त तक खेल प्रतियोगिताएं

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** मेजर ध्यानचंद की जयंती पर 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस मनाया जाएगा। इसके तहत जिले में 27 से 30 अगस्त तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इस वर्ष की थीम "खेलेगा भारत जीतेगा भारत" रखी गई है। जिला खेल अधिकारी डॉ. महेश पालीवाल ने बताया कि वॉलीबाल महाराणा भूपाल स्टेडियम, बैडमिंटन व टेबल टेनिस लवकुश इंडोर स्टेडियम तथा बास्केटबॉल, तीरंदाजी, स्केटिंग, जूडो, बॉक्सिंग और लॉन टेनिस की प्रतियोगिताएं महाराणा प्रताप खेलगांव में होंगी। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाना और प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करना है।

### 18 नगर निकायों के लिए नामांकन स्थल निर्धारित

**जयपुर@पदमावत मीडिया।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के तहत जयपुर जिले के 18 नगर निकायों के लिए रिटर्निंग एवं सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की नियुक्ति कर दी गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने अधिकारियों को नामांकन प्रक्रिया की आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। नामांकन पत्र शाहपुरा, चौमूं, दूदू, किशनगढ़ रेनवाल, जोबनेर, बस्सी, सांभरलेक, वाटिका, चाकसू, जमवारामगढ़, फागी, नरायना, फुलेरा, मनोहरपुर, बगरू, कानोता, खेजरोली और कालाडेरा में निर्धारित उपखंड कार्यालय, नगरपालिका कार्यालय, विद्यालय एवं अन्य चिन्हित स्थलों पर प्राप्त किए जाएंगे। संबंधित अधिकारियों को नामांकन प्रक्रिया एवं निर्वाचन संबंधी सभी कार्य नियमानुसार संपादित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### उदयपुर प्रधान डाकघर में हर रविवार मिलेगी आधार सेवा

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** उदयपुर प्रधान डाकघर में अब प्रत्येक रविवार को भी सुबह 10 से दोपहर 3 बजे तक आधार संबंधी सेवाएं उपलब्ध रहेंगी। इससे नौकरीपेशा, व्यवसायी और कार्यदिवसों में समय नहीं निकाल पाने वाले नागरिकों को सुविधा मिलेगी। नागरिक निर्धारित समय में प्रधान डाकघर पहुंचकर आधार संबंधी आवश्यक कार्य करवा सकेंगे। इसके लिए आवश्यक दस्तावेज साथ लाना होगा।

### मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का दिया संदेश



**प्रतापगढ़@पदमावत मीडिया।** राज्य निर्वाचन आयोग एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार संतरंगी सप्ताह के तीसरे दिन मंगलवार को राजकीय जनजाति आवासीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, प्रतापगढ़ में मानव श्रृंखला बनाकर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम के अंत में जिला स्वीप नोडल अधिकारी एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैलाश चंद्र बसेर ने उपस्थित लोगों को मतदाता शपथ दिलाई। प्राचार्य बाबू सुबोध शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

### पीएमएफएमई योजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए राजसमंद की डीआरपी दुर्गेश नंदिनी यादव सम्मानित



**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम उन्नयन योजना के प्रभावी क्रियान्वयन में उत्कृष्ट योगदान के लिए राजसमंद की डीआरपी दुर्गेश नंदिनी यादव को नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पीएमएफएमई कॉन्क्लेव में सम्मानित किया गया। उन्हें केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री चिराग पासवान के हाथों सम्मान मिला। 24 और 25 अगस्त को इंडिया हैबिटेट सेंटर में आयोजित कॉन्क्लेव में राजस्थान से चयनित चार प्रतिनिधियों को उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया गया। दुर्गेश नंदिनी यादव ने योजना के लाभार्थियों को जानकारी एवं मार्गदर्शन देने, आवेदन प्रक्रिया में सहयोग करने तथा पात्र लोगों तक योजना का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में योजना के सफल क्रियान्वयन, नवाचार और खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र को बढ़ावा देने पर चर्चा हुई। योजना के माध्यम से स्थानीय उत्पादों के मूल्य संवर्धन के साथ स्वरोजगार और रोजगार के अवसर बढ़ाने पर जोर दिया जा रहा है।

### किलकारी, बाढ़, रघुनाथ बालिका,रविन्द्र बालिका विद्यालय सेमीफाइनल में

**पटना@पदमावत मीडिया।** किलकारी बिहार बाल भवन,पटना के तत्वावधान में बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के तकनीकी सहयोग से किलकारी बिहार बाल भवन के बॉल बैडमिंटन कोर्ट पर खेली जा रही 17वीं ध्यानचंद स्मृति बॉल बैडमिंटन प्रतियोगिता के बालिका वर्ग में मेजबान किलकारी, बाढ़,रघुनाथ बालिका विद्यालय कंकड़बाग, रविन्द्र बालिका विद्यालय राजेन्द्र नगर की टीमें सेमीफाइनल में जगह सुनिश्चित किया है। प्रतियोगिता के तीसरे दिन आज खेले गये बालिका वर्ग के महत्वपूर्ण लीग मैच में मेजबान किलकारी ने एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी को 35-10,35-12 से,बाढ़ ने बापू स्मारक बालिका विद्यालय को 35-16,35-20 से,बाढ़ ने रविन्द्र बालिका विद्यालय को 35-26,35-25 से,किलकारी ने रघुनाथ बालिका विद्यालय को 35-25,35-15 से,रविन्द्र बालिका विद्यालय ने बापू स्मारक बालिका विद्यालय को 35-20,35-25 से,रघुनाथ बालिका विद्यालय ने एकलव्य स्पोर्ट्स एकेडमी को 35-10,35-12 से हराया।

# आईसीएसआई जून 2026 परीक्षा परिणाम में उदयपुर का गौरव बढ़ा, विधि सुथार ने हासिल की ऑल इंडिया प्रथम रैंक

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com





**उदयपुर।** द इंस्टीट्यूट ऑफ कंपनी सेक्रेटरीज ऑफ इंडिया (आईसीएसआई) द्वारा कंपनी सेक्रेटरीज परीक्षा जून 2026 सत्र के परिणाम घोषित किए गए। परिणाम में उदयपुर की छात्रा विधि सुथार ने एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम में ऑल इंडिया प्रथम रैंक हासिल कर उदयपुर का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। उदयपुर परीक्षा केंद्र से परीक्षा देने वाली विधि सुथार, रोल नंबर 227137 ने सिलेबस 2022 के एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम में यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की। उनकी सफलता पर उदयपुर के कंपनी सेक्रेटरी विद्यार्थियों, सदस्यों एवं आईसीएसआई परिवार में हर्ष का माहौल है।

जून 2026 परीक्षा परिणाम में उदयपुर परीक्षा केंद्र के विद्यार्थियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। प्रोफेशनल प्रोग्राम में ग्रुप-1 में 23 विद्यार्थी, ग्रुप-2 में 13 विद्यार्थी तथा दोनों समूहों में 4 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। वहीं एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम में ग्रुप-1 में 21, ग्रुप-2 में 29 तथा दोनों समूहों में 15 विद्यार्थी सफल रहे।

एग्जीक्यूटिव प्रोग्राम में विधि सुथार की ऑल इंडिया प्रथम रैंक इस परिणाम की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। उनकी सफलता ने उदयपुर में कंपनी सेक्रेटरी क्षेत्र के प्रति विद्यार्थियों के बढ़ते रुझान और शैक्षणिक उत्कृष्टता को भी सामने रखा है।

उदयपुर चैप्टर के अध्यक्ष सीएस शैलेश जैन ने विधि सुथार को बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि केवल विधि सुथार के लिए ही नहीं, बल्कि पूरे उदयपुर चैप्टर और राजस्थान के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने सभी सफल विद्यार्थियों, उनके अभिभावकों, शिक्षकों एवं मार्गदर्शकों को भी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत, निरंतरता और समर्पण ने इस सफलता को संभव बनाया है। सीएस शैलेश जैन ने बताया कि उदयपुर चैप्टर विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से निरंतर सहयोग प्रदान कर रहा है। इनमें संगोष्ठियां, अध्ययन समूह, करियर मार्गदर्शन, व्यावसायिक विकास कार्यक्रम तथा उद्योग जगत से संवाद जैसी गतिविधियां शामिल हैं। उदयपुर चैप्टर के सचिव सीएस अर्पित कलानी ने भी सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह परिणाम विद्यार्थियों के कठिन परिश्रम और सही मार्गदर्शन का परिणाम है।

विधि सुथार की ऑल इंडिया प्रथम रैंक और उदयपुर परीक्षा केंद्र के शानदार परिणाम ने एक बार फिर उदयपुर के विद्यार्थियों की प्रतिभा और मेहनत को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाई है। उदयपुर चैप्टर ने सभी सफल विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें कंपनी सेक्रेटरी के क्षेत्र में सफलता की नई ऊंचाइयां हासिल करने की शुभकामनाएं दीं।

## बागोर की हवेली में वाटरकलर्स प्रदर्शनी का शुभारंभ

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर द्वारा बागोर की हवेली स्थित कला वीथी में जलरंग माध्यम से सृजित चित्रों की विशेष प्रदर्शनी का शुभारंभ केन्द्र निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने दीप प्रज्वलित कर किया।

पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र, उदयपुर के निदेशक डॉ. अश्विन एम. दलवी ने बताया कि कला वीथी गैलरी में गोवा एवं चित्तौड़गढ़ में आयोजित कला शिविरों के दौरान जलरंग माध्यम में सृजित चित्रों की विशेष प्रदर्शनी लगाई गई है। प्रदर्शनी में शामिल कलाकृतियां गोवा और चित्तौड़गढ़, राजस्थान की स्थापत्य विरासत, प्राकृतिक सौन्दर्य एवं सांस्कृतिक जीवन को सजीव और कलात्मक रूप में प्रस्तुत करती हैं। प्रदर्शनी में गोवा के समुद्र तटों, ऐतिहासिक गिरिजाघरों, जीवंत गलियों एवं प्राकृतिक परिवेश के मनोहारी दृश्य दर्शाए गए हैं। वहीं चित्तौड़गढ़ के भव्य दुर्ग, राजप्रासादों, मंदिरों तथा वीरता और गौरव से ओतप्रोत ऐतिहासिक धरोहर को भी जलरंगों के माध्यम से प्रभावशाली ढंग से चित्रित किया गया है।

जलरंगों की पारदर्शिता, कोमलता और प्रकाशमय अभिव्यक्ति के माध्यम से सजी यह प्रदर्शनी दोनों क्षेत्रों की विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान और सौन्दर्य को दर्शकों के समक्ष प्रस्तुत करती है। प्रदर्शनी दर्शकों को भारत की विविध सांस्कृतिक विरासत, ऐतिहासिक स्थापत्य एवं प्राकृतिक सौन्दर्य के साथ-साथ जलरंग चित्रकला की संवेदनशीलता और सौन्दर्यबोध से रूबरू होने का अवसर प्रदान करेगी। इस अवसर पर केन्द्र के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## 'पृथ्वी संरक्षक' कोर्स में बच्चों ने दिखाई चार माह की सीख



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय विजयबावड़ी में मंगलवार को 'पृथ्वी संरक्षक' कोर्स के तहत 'स्टूडेंट लर्निंग शोकेस' आयोजित हुआ। कक्षा 3 से 5 के विद्यार्थियों ने शिक्षक की भूमिका निभाते हुए चार माह में सीखी पर्यावरण संबंधी जानकारी प्रस्तुत की। कार्यक्रम में सीबीईओ विजयलक्ष्मी सारस्वत एवं पीईईओ व प्रधानाचार्या सुनीता धनखड़ ने विद्यार्थियों की प्रस्तुतियां देखीं और उनके साथ शैक्षणिक खेलों में भी भाग लिया। विद्यार्थियों ने सात स्टेशनों के माध्यम से पौधों के भाग, ऊर्जा, जल एवं प्राकृतिक संसाधन, खाद्य श्रृंखला, कचरा प्रबंधन और बीज बोने सहित विभिन्न विषयों की जानकारी दी। कार्यक्रम में पर्यावरण आधारित बोर्ड गेम और सांप-सीढ़ी खेल आकर्षण का केंद्र रहे। चार माह की सीख के दौरान विद्यार्थियों के आत्मविश्वास, संवाद एवं प्रस्तुति कौशल में आए बदलाव की अतिथियों ने सराहना की। समापन पर विद्यार्थियों को 'पृथ्वी संरक्षक' के प्रमाण-पत्र प्रदान किए गए। सीबीईओ विजयलक्ष्मी सारस्वत ने कहा कि इस पाठ्यक्रम से बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण के साथ नेतृत्व, संवाद और प्रस्तुति जैसे जीवन कौशल भी सीखे हैं।

## गणेश चतुर्थी की तैयारियों को लेकर बैठक, 15 सितंबर को निकलेगी शोभायात्रा



**जयपुर @पदमावत मीडिया।** गणेश चतुर्थी पर्व एवं 15 सितंबर को प्रस्तावित श्री गणेशजी की शोभायात्रा की व्यवस्थाओं को लेकर मंगलवार को मोती डूंगरी गणेश मंदिर परिसर में जिला कलक्टर संदेश नायक की अध्यक्षता में बैठक हुई। जिला कलक्टर ने बताया कि 15 सितंबर को शाम 4 बजे शोभायात्रा मोती डूंगरी गणेश मंदिर से रवाना होकर सांगानेरी गेट, जौहरी बाजार, त्रिपोलिया बाजार, छोटी चौपड़, गणगौरी बाजार, चौगान चौराहा एवं ब्रह्मपुरी होते हुए श्री गढ़ गणेशजी मंदिर पहुंचेगी। उन्होंने पुलिस एवं यातायात पुलिस को भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा, यातायात और पार्किंग की समुचित व्यवस्था के निर्देश दिए। नगर निगम को सफाई, प्रकाश, पेयजल, पार्किंग, अग्निशमन एवं चल शौचालयों की व्यवस्था के निर्देश दिए गए। चिकित्सा विभाग को एम्बुलेंस और चिकित्सा दल, विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली एवं ढीले तारों की व्यवस्था तथा संबंधित विभागों को आवश्यक तैयारियां समय पर पूरी करने को कहा गया। जिला कलक्टर ने संयुक्त नियंत्रण कक्ष स्थापित कर सभी विभागों के नोडल अधिकारी नियुक्त करने के निर्देश दिए। मंदिर प्रबंधन को श्रद्धालुओं के प्रवेश-निकास, पेयजल, सीसीटीवी और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने को कहा गया। महंत कैलाश शर्मा ने बताया कि मोती डूंगरी गणेश मंदिर में 7 से 15 सितंबर तक विभिन्न धार्मिक आयोजन होंगे। 15 सितंबर को शाम 4 बजे शोभायात्रा निकाली जाएगी। बैठक में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त प्रदीप मोहन, डीसीपी यातायात योगेश बंसल सहित संबंधित अधिकारी एवं मंदिर प्रबंधन के प्रतिनिधि मौजूद रहे।

## बैंक धोखाधड़ी के दो मामलों में 17 और 4 साल से फरार घोषित अपराधी गिरफ्तार



**नई दिल्ली@पदमावत मीडिया।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने बैंक धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामलों में लंबे समय से फरार चल रहे घोषित अपराधी जितेंद्र कुमार और पूजा पाहवा को गिरफ्तार किया है। जितेंद्र कुमार 17 वर्षों से फरार था, जबकि पूजा पाहवा चार वर्षों से न्यायालय की कार्यवाही से बच रही थी। जितेंद्र कुमार पर फर्जी वेतन प्रमाण पत्रों के आधार पर गृह ऋण प्राप्त करने के मामले में जीआईसी हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड को 65.90 लाख रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप है। उसे जनवरी 2013 में घोषित अपराधी घोषित किया गया था। सीबीआई ने उसे 25 अगस्त 2026 को नई दिल्ली के द्वारका मोड़ क्षेत्र से गिरफ्तार किया।

दूसरे मामले में पूजा पाहवा पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर प्राप्त नकद ऋण का दुरुपयोग करने का आरोप है, जिससे इंडियन ओवरसीज बैंक को 10.16 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ था। वर्ष 2023 में घोषित अपराधी घोषित की गई पूजा पाहवा को सीबीआई ने 4 अगस्त 2026 को पंजाब के लुधियाना से गिरफ्तार किया। वह वर्तमान में न्यायिक हिरासत में है। सीबीआई के अनुसार आर्थिक धोखाधड़ी के मामलों में फरार आरोपियों को न्याय के दायरे में लाने के प्रयास लगातार जारी हैं।

## नगर निकाय चुनाव में खर्च की सीमा तय, निगम पार्षद 3.50 लाख तक कर सकेंगे व्यय



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** नगर निकाय चुनाव-2026 को लेकर मंगलवार को टीआरआई सभागार में निर्वाचन व्यय पर्यवेक्षक प्रकोष्ठ की बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रत्याशियों के निर्वाचन व्यय की निगरानी और निर्धारित सीमा के संबंध में जानकारी दी गई। बैठक में बताया गया कि नगर निगम में पार्षद प्रत्याशी अधिकतम 3.50 लाख रुपये, नगर परिषद में 2.50 लाख रुपये तथा नगरपालिका में पार्षद प्रत्याशी 1.50 लाख रुपये तक निर्वाचन व्यय कर सकेंगे। प्रत्याशियों को निर्धारित सीमा के भीतर खर्च का पूरा लेखा-जोखा रखना होगा।

**15 दिन में देना होगा व्यय विवरण**

चुनाव परिणाम घोषित होने के 15 दिनों के भीतर प्रत्येक प्रत्याशी को अपना निर्वाचन व्यय विवरण संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करना होगा। बैठक में राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को निर्वाचन व्यय संबंधी नियमों और प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

## सहायक आचार्य -जूलॉजी एवं हिस्ट्री विषय की मुख्य सूची जारी

**अजमेर@पदमावत मीडिया।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2025 अंतर्गत जूलॉजी एवं सहायक आचार्य (कॉलेज शिक्षा विभाग) प्रतियोगी परीक्षा-2023 अंतर्गत हिस्ट्री विषय के पदों हेतु मुख्य सूची जारी की गई है। विस्तृत सूचना आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। आयोग सचिव ने बताया कि उक्त भर्तियों के तहत आयोजित लिखित परीक्षा के परिणाम अंतर्गत साक्षात्कार हेतु स्थाई रूप से सफल घोषित अभ्यर्थियों के साक्षात्कार का आयोजन किया गया था। साक्षात्कार उपरांत संबंधित सेवा नियमानुसार हिस्ट्री के 177 एवं जूलॉजी के 27 अभ्यर्थियों को मुख्य सूची में सफल घोषित किया गया है।

## संयम पथ पर बढ़े कांतिलाल गांधी, बने अरुण मुनि



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** धर्मनगरी खेरोदा में पावन चातुर्मास के अवसर पर रविवार को जैन भागवती दीक्षा महोत्सव श्रद्धा एवं आध्यात्मिक वातावरण में संपन्न हुआ। आचार्य सम्राट डॉ. शिवमुनि म.सा. एवं युवाचार्य महेंद्र ऋषि म.सा. के संरक्षण में मेवाड़ उप प्रवर्तक कोमल मुनि म.सा. ने आकोला, बेंगलूरु निवासी मुमुक्षु कांतिलाल गांधी को संयम पथ की दीक्षा प्रदान की। मीडिया प्रभारी विनोद कोठारी ने बताया कि दीक्षा के बाद कांतिलाल गांधी को अरुण मुनि नाम प्रदान किया गया। उन्होंने सांसारिक जीवन का त्याग कर संयम, साधना और अध्यात्म का मार्ग अपनाया। दीक्षा महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रावक-श्राविकाओं ने भाग लेकर नवदीक्षित अरुण मुनि के प्रति मंगलकामनाएं व्यक्त कीं। उदयपुर श्रमण संघ विहार सेवा ग्रुप के सदस्यों सहित उदयपुर से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## सम्पर्क पोर्टल की लंबित शिकायतों का जल्द करें निस्तारण : कलेक्टर



**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पर्क पोर्टल की समीक्षा बैठक लेकर लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि केवल पोर्टल पर जवाब दर्ज करना पर्याप्त नहीं है, बल्कि शिकायतकर्ता को वास्तविक राहत मिलनी चाहिए। कलेक्टर ने बिजली, पेयजल, सड़क, अतिक्रमण सहित विभिन्न विभागों की शिकायतों की विभागवार समीक्षा कर अधिकारियों से कार्रवाई की जानकारी ली। उन्होंने लंबित प्रकरणों में अनावश्यक देरी नहीं करने तथा नियमित मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। कुछ प्रकरणों पर कलेक्टर ने उपखंड अधिकारियों एवं विकास अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से सीधे संवाद कर मौके पर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों से आमजन की शिकायतों के समाधान में संवेदनशीलता, तत्परता और जवाबदेही के साथ कार्य करने को कहा। बैठक में अतिरिक्त जिला कलेक्टर राजकुमार कस्वा, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा, उपखंड अधिकारी राजसमंद ओम प्रभा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## अवैध शराब के खिलाफ मध्यप्रदेश पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 1.23 करोड़ से अधिक की सामग्री जब्त




**भोपाल@पदमावत मीडिया।** मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध शराब के निर्माण, परिवहन और भंडारण के खिलाफ पिछले दस दिनों में प्रदेशभर में कार्रवाई करते हुए शराब, वाहन और अन्य सामग्री सहित 1 करोड़ 23 लाख रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की है। कई आरोपियों को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किए गए। सीहोर में पुलिस ने गुप्त कंपार्टमेंट में छिपाकर गुजरात ले जाई जा रही 325 पेटी अंग्रेजी शराब से भरा ट्रक पकड़ा। ट्रक सहित करीब 41 लाख रुपये की संपत्ति जब्त की गई। टीकमगढ़ में 281 पेटी, नीमच में 335 पेटी और आलीराजपुर में 306 पेटी शराब जब्त की गई। उज्जैन, कटनी, विदिशा, पन्ना और भिंड में भी अलग-अलग कार्रवाई करते हुए बड़ी मात्रा में अवैध शराब एवं परिवहन में प्रयुक्त वाहन जब्त किए गए। पुलिस ने संबंधित आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। मध्यप्रदेश पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी और परिवहन में शामिल नेटवर्क के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रखने की बात कही है।

# खबर संक्षिप्त

## नगरीय निकाय चुनावः मतदान एवं मतगणना के दौरान मदिरा बिक्री पर रहेगा प्रतिबंध

**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के तहत निर्वाचन क्षेत्रों में मतदान और मतगणना के दौरान मदिरा की बिक्री, व्यक्तियों द्वारा संग्रहण तथा वितरण पर प्रभावी रोक सुनिश्चित करने के निर्देश जारी किए हैं। वित्त (आबकारी) के आदेश के अनुसार संबंधित नगरीय निकाय निर्वाचन क्षेत्रों में प्रथम चरण के लिए 7 सितंबर 2026 को शाम 6 बजे से 9 सितंबर 2026 को शाम 6 बजे तक तथा द्वितीय चरण के लिए 9 सितंबर 2026 को शाम 6 बजे से 11 सितंबर 2026 को शाम 6 बजे तक 48 घंटे की अवधि में मदिरा की बिक्री एवं वितरण प्रतिबंधित रहेगा।

इसी प्रकार मतगणना दिवस 14 सितंबर 2026 को भी सूखा दिवस घोषित किया गया है। इस दौरान संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में मदिरा की बिक्री एवं वितरण पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

## खोड़ीमहूड़ी में 27 अगस्त को होगी रात्रि चौपाल

**सलूंबर@पदमावत मीडिया।** ग्राम पंचायत खोड़ीमहूड़ी, पंचायत समिति सराड़ा में 27 अगस्त को शाम 6 बजे जिला कलक्टर की अध्यक्षता में रात्रि चौपाल आयोजित होगी। चौपाल में ग्रामीण अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रख सकेंगे और संबंधित विभागों के अधिकारी मौके पर ही उनके समाधान की कार्रवाई करेंगे। जिला प्रशासन ने सभी विभागीय अधिकारियों को आवश्यक तैयारी, विभागीय प्रगति रिपोर्ट एवं अद्यतन जानकारी के साथ उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को बिना अनुमति मुख्यालय नहीं छोड़ने तथा चौपाल में अनुपस्थित नहीं रहने के लिए भी निर्देशित किया गया है। अतिरिक्त जिला कलक्टर डॉ. दिनेश राय सापेला ने बताया कि चौपाल की आवश्यक व्यवस्थाएं संबंधित विकास अधिकारी द्वारा सुनिश्चित की जाएंगी। प्रशासन ने ग्रामीणों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपनी समस्याएं एवं सुझाव रखने की अपील की है।

## निकाय चुनाव के दौरान पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त ईंधन रखने के निर्देश

**जयपुर@पदमावत मीडिया।** नगरीय निकाय चुनाव को देखते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट संदेश नायक ने जिले के सभी पेट्रोल, डीजल एवं सीएनजी पंपों पर पर्याप्त ईंधन उपलब्ध रखने के निर्देश दिए हैं। आदेश के अनुसार प्रत्येक पंप पर न्यूनतम 1000 लीटर पेट्रोल, 2000 लीटर डीजल, 500 किलोग्राम सीएनजी और 200 लीटर ऑयल का सुरक्षित स्टॉक रखना अनिवार्य होगा। सुरक्षित स्टॉक की बिक्री निर्धारित अनुमति के बिना नहीं की जा सकेगी। चुनाव कार्य में लगे वाहनों के लिए जिले के फिलिंग स्टेशन 24 अगस्त से 22 सितंबर तक 24 घंटे खुले रहेंगे। अधिकृत वाहनों को कूपन के अनुसार तत्काल ईंधन उपलब्ध कराने और सीएनजी वाहनों को प्राथमिकता देने के निर्देश दिए गए हैं।

## केलवाड़ा में छात्राओं को साइबर अपराध से बचाव की जानकारी

**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** केलवाड़ा के महात्मा गांधी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में साइबर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। राजसमंद पुलिस ने छात्राओं को फर्जी प्रोफाइल, साइबर पीछा करना, ऑनलाइन ब्लैकमेलिंग, ओटीपी ठगी और डिजिटल गिरफ्तारी जैसी साइबर ठगी से बचाव के उपाय बताए। छात्राओं को निजी जानकारी, फोटो, वीडियो और ओटीपी अनजान लोगों से साझा नहीं करने तथा संदिग्ध गतिविधि की जानकारी अभिभावकों, शिक्षकों या पुलिस को देने की सलाह दी गई। साइबर अपराध की स्थिति में 1930 पर शिकायत करने की जानकारी भी दी गई। अंत में छात्राओं ने सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल व्यवहार की शपथ ली।

## देवगढ़ में 674 विद्यार्थियों ने बनाई मानव श्रृंखला, लिया नशामुक्ति का संकल्प

**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** नशामुक्त राजसमंद अभियान के तहत देवगढ़ के पीएम केंद्रीय विद्यालय में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुआ। विद्यालय के 674 से अधिक विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर नशे से दूर रहने का संदेश दिया और नशामुक्ति का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपखंड अधिकारी मोहन सिंह सिनसिनवार, पुलिस उप अधीक्षक राकेश वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों की जानकारी देते हुए नशे के कारोबार से दूर रहने और आसपास अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में नशामुक्ति पर लघु नाटक भी प्रस्तुत किया गया। साथ ही 'एक पेड़ लोकतंत्र के नाम' अभियान के तहत पौधारोपण कर मतदाता जागरूकता का संदेश दिया गया।

# रुस्तमजी क्राऊन की 9 सदनिकाओं में अवैध निर्माण पर बीएमसी की कार्रवाई, अनधिकृत बदलाव हटाए

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**मुंबई।** प्रभादेवी स्थित रुस्तमजी क्राऊन इमारत में स्वीकृत भवन मानचित्र का उल्लंघन कर किए गए अनधिकृत निर्माण एवं बदलावों के खिलाफ बृहन्मुंबई महानगरपालिका की ओर से 24 और 25 अगस्त 2026 को कार्रवाई की गई। दो दिन चली कार्रवाई के दौरान कुल 9 सदनिकाओं में किए गए अनधिकृत निर्माण एवं बदलावों को हटाया गया।

**138 सदनिकाओं को जारी की गई थीं नोटिस**

रुस्तमजी क्राऊन इमारत में तीन बेसमेंट, भूतल और 63 मंजिलें हैं। इमारत की पहली से 12वीं मंजिल तक पार्किंग, 10वीं और 11वीं मंजिल पर फिटनेस सेंटर, 13वीं मंजिल पर सेवा तल तथा 14वीं से 63वीं मंजिल तक आवासीय उपयोग है। आवासीय हिस्से में ए, बी और सी तीन विंग हैं। ए और बी विंग को अधिभोग प्रमाणपत्र प्राप्त है तथा दोनों विंग में 186-186 सदनिकाएं हैं। इमारत में एफएसआई उल्लंघन तथा अनधिकृत निर्माण एवं बदलावों को लेकर प्राप्त शिकायतों के आधार पर ए और बी विंग की संबंधित सदनिकाओं को मुंबई महानगरपालिका अधिनियम, 1888 तथा महाराष्ट्र प्रादेशिक एवं नगर नियोजन अधिनियम, 1966 की संबंधित धाराओं के तहत कुल 138 नोटिस जारी की गई थीं।

**कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद कार्रवाई**

नोटिस जारी करने के बाद संबंधित सदनिकाधारकों को अपना पक्ष, दस्तावेज और स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने तथा सुनवाई का अवसर दिया गया। संबंधितों द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजों, उनके पक्ष और उपलब्ध अभिलेखों की जांच के बाद संबंधित मामलों में कारणयुक्त आदेश जारी किए गए।

इसके बाद जिन मामलों में वैधानिक प्रक्रिया पूरी हो चुकी थी और कारणयुक्त आदेश पारित किए गए थे, उनमें 24 और 25 अगस्त को अनधिकृत निर्माण एवं बदलावों के खिलाफ कार्रवाई की गई। महानगरपालिका कर्मचारियों और नियुक्त निष्कासन ठेकेदार के माध्यम से निर्धारित कानूनी प्रक्रिया का पालन करते हुए यह कार्रवाई पूरी की गई।

**लॉबी, डक्ट और शाफ्ट का किया गया था अनधिकृत उपयोग**

कार्रवाई के दौरान कुछ सदनिकाओं में साझा लॉबी के हिस्से को लकड़ी की सामग्री और हल्की सिपोरेक्स ईंटों से अनधिकृत रूप से बंद कर उसे सदनिका के रहने योग्य क्षेत्र में शामिल किए जाने की जानकारी सामने आई। इसके अलावा किचन डक्ट के हिस्से को एमएस प्लेट की सहायता से बंद कर उसे रसोई क्षेत्र में शामिल किया गया था।

कुछ स्थानों पर वेंटिलेशन शाफ्ट के हिस्से को भी एमएस प्लेट से बंद कर सदनिका के क्षेत्र में शामिल किया गया था और उसका उपयोग स्टोर रूम के रूप में किया जा रहा था। इसके अलावा कमरे के कुछ हिस्से को सिपोरेक्स सामग्री का उपयोग कर अनधिकृत रूप से रसोई क्षेत्र में शामिल किया गया था। संबंधित नोटिस और पारित कारणयुक्त आदेशों के आधार पर इन सभी अनधिकृत निर्माणों एवं बदलावों को हटाया गया।

**कार्रवाई के लिए बड़ा पुलिस एवं प्रशासनिक अमला तैनात**

निष्कासन कार्रवाई को सुरक्षित और सुचारु रूप से पूरा करने के लिए महानगरपालिका की ओर से 15 श्रमिक, 2 मुकादम, 4 अभियंता और 8 पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। इस प्रकार 24 और 25 अगस्त 2026 को रुस्तमजी क्राऊन की कुल 9 सदनिकाओं में किए गए अनधिकृत निर्माण एवं बदलावों के खिलाफ कार्रवाई पूरी की गई। प्रशासन के अनुसार, शेष पात्र मामलों में भी निर्धारित वैधानिक प्रक्रिया पूरी कर आगे की कार्रवाई जारी रखी जाएगी।

## तीन देशी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस के साथ 20 वर्षीय युवक गिरफ्तार



**ठाणे@पदमावत मीडिया।** गुन्हे शाखा वागळे यूनिट-5 ने कार्रवाई करते हुए तीन देशी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस के साथ 20 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने जब्त हथियार एवं कारतूस की कुल कीमत 1 लाख 50 हजार 800 रुपये बताई है। पुलिस के अनुसार 24 अगस्त को मुखबिर से सूचना मिली थी कि घोड़बंदर रोड क्षेत्र में एक युवक हथियार लेकर आने वाला है। सूचना पर पुलिस टीम ने जाल बिछाकर साहिल जावेद शेख, उम्र 20 वर्ष, निवासी कोलशेवाड़ी, कल्याण पूर्व को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से तीन देशी पिस्तौल और चार जिंदा कारतूस बरामद हुए। मामले में कासारवडवली पुलिस थाने में अपराध क्रमांक 540/2026 दर्ज कर भारतीय हथियार अधिनियम तथा महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है। मामले की जांच सहायक पुलिस निरीक्षक शरद पाटील कर रहे हैं। इस कार्रवाई में सहायक पुलिस आयुक्त शेखर बागडे, वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक गोरखनाथ घार्गे सहित गुन्हे शाखा वागळे यूनिट-5 की टीम शामिल रही।

## अरावली क्षेत्र में जनजातीय आजीविका की निर्भरता जानने ऋषभदेव पहुंचा एनसीएसटी दल



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) के तीन सदस्यीय दल ने मंगलवार को ऋषभदेव उपखंड के मसारों की ओबरी एवं आसपास के जनजातीय क्षेत्रों का दौरा कर ग्रामीणों से अरावली क्षेत्र और उनकी आजीविका से जुड़े विषयों पर संवाद किया। दल ने ग्रामीणों से अरावली क्षेत्र पर उनकी आजीविका संबंधी निर्भरता, स्थानीय समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। साथ ही अरावली की परिभाषा एवं सीमांकन से संबंधित संभावित बदलावों का जनजातीय आबादी पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर ग्रामीणों का फीडबैक लिया। ग्रामीणों ने दल के समक्ष अपनी समस्याएं एवं आजीविका से जुड़े विषय रखे। आयोग के सदस्यों ने क्षेत्र की भौगोलिक एवं सामाजिक स्थिति का अवलोकन करते हुए प्राकृतिक संसाधनों पर जनजातीय परिवारों की निर्भरता को समझने का प्रयास किया। इस दौरान पूर्व विधायक नानालाल अहारी सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं उपखंड स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे। इससे पहले सोमवार को आयोग के दल ने गिर्वा क्षेत्र के उमरड़ा, झामर कोटड़ा सहित विभिन्न जनजातीय गांवों का दौरा किया था। ऋषभदेव दौरे के बाद दल डूंगरपुर के लिए रवाना हो गया।

## झारखंड पुलिस ने 817 गुम मोबाइल उनके वास्तविक धारकों को लौटाए



**रांची@पदमावत मीडिया।** झारखंड पुलिस ने सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से कार्रवाई करते हुए राज्य के विभिन्न जिलों में गुम एवं खोए हुए 817 मोबाइल फोन बरामद कर उनके वास्तविक धारकों को सौंपे। मोबाइल फोन वापस मिलने से लोगों में खुशी देखने को मिली। पुलिस के अनुसार सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से गुम मोबाइल फोन को ट्रेस कर वास्तविक धारकों तक पहुंचाने की कार्रवाई लगातार जारी है। जिला स्तर पर रांची में 100, गुमला 24, लोहरदगा 14, खूंटी 53, सिमडेगा 128, जमशेदपुर 28, चाईबासा 33, सरायकेला 4, गढ़वा 57, लातेहार 24, बोकारो 78, धनबाद 29, हजारीबाग 7, चतरा 18, रामगढ़ 59, गोड्डा 18, जामताड़ा 37 और साहेबगंज में 106 मोबाइल फोन उनके धारकों को लौटाए गए। झारखंड पुलिस ने बताया कि सीईआईआर पोर्टल के माध्यम से मोबाइल बरामदगी का अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## बेकरिया पुलिस ने 3 किलो 340 ग्राम गांजा पकड़ा, एक आरोपी गिरफ्तार




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बेकरिया थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 3 किलो 340 ग्राम गांजा बरामद कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गांजा परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जब्त की है। पुलिस ने सिरवल से मेवाड़ों का मठ जाने वाले मार्ग पर नाकाबंदी के दौरान मोटरसाइकिल सवार दो लोगों को रोकने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर दोनों ने भागने का प्रयास किया। पीछा करने पर चालक विरमाराम को पकड़ लिया गया, जबकि पीछे बैठा व्यक्ति जंगल की ओर भाग गया। मोटरसाइकिल पर रखे सफेद कट्टे की तलाशी में 3 किलो 340 ग्राम गांजा बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपी विरमाराम पिता ईशाराम, उम्र 36 वर्ष, निवासी चिलरवा मालवा का चोरा, थाना बेकरिया, जिला उदयपुर है। फरार आरोपी की तलाश जारी है। पुलिस ने मामले में एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/20 के तहत प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया है।

## प्रतिभा पायलट कार्यक्रम के तहत लसाड़िया, झल्लारा व सलूंबर में बैठकें



**सलूंबर@पदमावत मीडिया।** प्रतिभावान विद्यार्थियों की पहचान कर उन्हें खेल एवं अन्य क्षेत्रों में आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित प्रतिभा पायलट कार्यक्रम के तहत मंगलवार को दूसरे दिन पंचायत समिति लसाड़िया, झल्लारा एवं सलूंबर में बैठकें आयोजित हुईं। बैठकों में ब्लॉक शिक्षा अधिकारियों एवं पीईईओ को कार्यक्रम की चयन प्रक्रिया और विद्यालय स्तर पर क्रियान्वयन की जानकारी दी गई। जिला खेल अधिकारी अशोक चौधरी एवं सहायक नोडल अधिकारी प्रतिभा कमलेश पटेल ने शारीरिक दक्षता परीक्षण की प्रक्रिया समझाई और विभिन्न परीक्षणों का प्रदर्शन भी किया। कार्यक्रम के तहत जिले के राजकीय एवं निजी विद्यालयों में अध्ययनरत 8 से 14 वर्ष आयु वर्ग के करीब 57 हजार विद्यार्थियों का शारीरिक दक्षता परीक्षण किया जाएगा। इसके माध्यम से खेल प्रतिभाओं की पहचान कर चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण, मार्गदर्शन एवं आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। अधिकारियों को परीक्षण प्रक्रिया निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने तथा अधिक से अधिक विद्यार्थियों की भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

## प्रवासी राजस्थानियों से बदलते राजस्थान में अधिक निवेश का आह्वान



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में निवेश के अनुकूल वातावरण तैयार करने के लिए राज्य सरकार पानी, बिजली, सड़क सहित आधारभूत सुविधाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दे रही है। उन्होंने प्रवासी राजस्थानियों से बदलते राजस्थान में अधिक से अधिक निवेश करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने मंगलवार को राजस्थान फाउंडेशन के अहमदाबाद, दिल्ली, दोहा, पुणे, सूरत, म्यूनिक, कुवैत और मस्कट चैप्टर्स के प्रतिनिधियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से संवाद किया। उन्होंने कहा कि प्रवासी राजस्थानी प्रदेश की संस्कृति, परंपरा और ऐतिहासिक गौरव को दुनिया तक पहुंचाने के साथ प्रदेश के विकास में भी योगदान दे रहे हैं।

उन्होंने राजस्थान फाउंडेशन को प्रवासी राजस्थानियों से निरंतर संवाद बनाए रखने तथा चैप्टर्स की बैठकें समय-समय पर आयोजित करने के निर्देश दिए। साथ ही फाउंडेशन के युवा एवं महिला प्रकोष्ठ का संचालन शीघ्र शुरू करने को कहा। मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान फाउंडेशन के देश-विदेश में कुल 40 चैप्टर हैं। प्रथम चरण में आठ चैप्टर के प्रतिनिधियों से संवाद किया गया। उन्होंने कहा कि सरकार प्रत्येक माह चैप्टर्स से निवेश, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं सामाजिक गतिविधियों की प्रगति की जानकारी ले रही है। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## 9 सितंबर को बांसवाड़ा नगर परिषद के 60 वार्डों में मतदान

**बांसवाड़ा@पदमावत मीडिया।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के तहत नगर परिषद बांसवाड़ा के 60 वार्डों में प्रथम चरण में 9 सितंबर को मतदान होगा। परतापुर-गढ़ी के 25 और कुशलगढ़ के 20 वार्डों में दूसरे चरण में 11 सितंबर को मतदान होगा। सदस्य पद के लिए 27 अगस्त को लोक सूचना जारी होगी। 31 अगस्त को नामांकन, 1 सितंबर को जांच, 3 सितंबर को दोपहर 3 बजे तक नाम वापसी और 4 सितंबर को चुनाव चिह्न आवंटित किए जाएंगे। मतदान सुबह 7 से शाम 6 बजे तक होगा और मतगणना 14 सितंबर को होगी। अध्यक्ष पद के लिए मतदान 21 सितंबर तथा उपाध्यक्ष पद का निर्वाचन 22 सितंबर को होगा। चुनाव कार्यक्रम जारी होने के साथ संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है।

## नगर परिषद बांसवाड़ा क्षेत्र में जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त

**बांसवाड़ा@पदमावत मीडिया।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. इन्द्रजीत यादव ने नगर परिषद बांसवाड़ा क्षेत्र में जोनल मजिस्ट्रेट नियुक्त किए हैं। आदेश के तहत नगर परिषद के विभिन्न वार्डों को अलग-अलग जोन में बांटकर अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। जोनल मजिस्ट्रेट अपने-अपने क्षेत्र में चुनाव प्रक्रिया के दौरान कानून-व्यवस्था एवं आवश्यक व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगे।

## विशेष अभियान में राजसमंद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 59 वांछित गिरफ्तार

**राजसमंद@पदमावत मीडिया।** विशेष अभियान के तहत राजसमंद पुलिस ने वांछित अपराधियों, मादक पदार्थ तस्करों, अवैध हथियार और खनन कारोबारियों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 59 वांछित अपराधियों को गिरफ्तार किया। एनडीपीएस के 20 मामलों में 45 आरोपी गिरफ्तार कर बड़ी मात्रा में डोडापोस्त, अफीम, एमडी, ब्राउन शुगर और गांजा बरामद किया गया। साइबर अपराध के 10 मामलों में 14 आरोपी गिरफ्तार हुए और 37.15 लाख रुपये से अधिक की राशि बरामद या फ्रीज कराई गई। अवैध खनन के 25 मामलों में वाहन और खनन सामग्री जब्त की गई। यातायात नियमों के उल्लंघन पर 21,358 कार्रवाई कर करीब 1.80 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाया गया। पुलिस ने बताया कि अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# राम मंदिर बेदला में अनुकृति ग्रुप का सावन मास का धान्यदान एवं सुदामा पोटली कार्यक्रम सम्पन्न

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**उदयपुर।** अनुकृति ग्रुप द्वारा सावन मास के पावन अवसर पर धान्यदान एवं सुदामा पोटली कार्यक्रम का आयोजन राम मंदिर, बेदला में श्रद्धा और भक्ति के साथ किया गया। ग्रुप की संस्थापिका अनिता माहेश्वरी ने बताया कि कार्यक्रम में लगभग 70 से 80 महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी महिलाएं सुंदर लहरिया परिधान में सज-धजकर कार्यक्रम में शामिल हुईं, जिससे पूरा वातावरण राजस्थानी संस्कृति और भक्ति के रंग में रंग गया। ग्रुप की संस्थापिका मंदाकिनी धावई ने बताया कि सावन मास के इस कार्यक्रम में धान्यदान के अंतर्गत तिल एवं गुड़ का दान किया गया। महिलाओं ने सामूहिक रूप से भजन-कीर्तन कर भगवान की भक्ति की और पूरे कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं ने अपने-अपने ठाकुर जी के साथ पूजा-अर्चना एवं भक्ति भाव में भाग लिया। भजनों और गीतों से राम मंदिर का वातावरण पूरी तरह भक्तिमय हो गया। तारा जी पालीवाल ने अपने मधुर गीतों की प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया और कार्यक्रम में भक्ति के साथ उत्साह का रंग भर दिया। सावन मास के इस आयोजन ने महिलाओं को एक साथ जोड़ते हुए धार्मिक आस्था, भारतीय संस्कृति और आपसी प्रेम-स्नेह का सुंदर संदेश दिया। कार्यक्रम का समापन भक्ति एवं उल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम में भोजन प्रसादी की व्यवस्था विभा सोनी की ओर से की गई, जिसके लिए अनुकृति परिवार ने उनका आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में ग्रुप की बोर्ड मेंबर्स वर्षा जी सोनी, विभा जी सोनी, चंद्रकला कुमावत, शैली चौबेसा, भारती सिंह चौहान, मंजू पूर्विया एवं तरुणा धावई सहित तारा जी पालीवाल उपस्थित रहीं। इस अवसर पर मोनिका माहेश्वरी, श्रद्धा असावा, रंजू कुंवर, कविता बल्द्वा, गीता चौबेसा, गीता सिंगल, हरिप्रिया चौबेसा, वीना जी, शाक्दीव, हेमा साहू, कमल डीडवानिया, कल्पना पूर्विया, सोनू टांक, सौम्या जी, भूमिका सोनी, सारिका छापरवाल एवं दीपिका पालीवाल सहित बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।

## रिश्वत मामले में पूर्व एसबीआई शाखा प्रबंधक को चार साल की सजा, 90 हजार रुपये जुर्माना




**लखनऊ@पदमावत मीडिया।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो की अदालत ने रिश्वत के मामले में भारतीय स्टेट बैंक की शाहुपुरी शाखा, चंदौली के तत्कालीन शाखा प्रबंधक अजय कुमार गौड़ को दोषी ठहराते हुए चार वर्ष के कारावास और 90 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। अदालत ने यह फैसला 24 अगस्त 2026 को सुनाया। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो के अनुसार आरोपी अजय कुमार गौड़ के खिलाफ 26 फरवरी 2018 को मामला दर्ज किया गया था। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि शाखा प्रबंधक ने 10 लाख रुपये के व्यक्तिगत ऋण को मंजूर करने और उसका भुगतान करने के लिए ऋण राशि का पांच प्रतिशत, यानी 50 हजार रुपये की अवैध रिश्वत मांगी थी। शिकायत मिलने के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने जाल बिछाकर कार्रवाई की। इस दौरान आरोपी शाखा प्रबंधक को शिकायतकर्ता से 40 हजार रुपये की अवैध रिश्वत मांगते और स्वीकार करते हुए रंगे हाथ पकड़ा गया। मामले की जांच पूरी होने के बाद केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने 27 अप्रैल 2018 को आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया। इसके बाद 9 जनवरी 2019 को आरोपी के खिलाफ आरोप तय किए गए। न्यायालय में चली सुनवाई के बाद आरोपी को दोषी करार देते हुए चार वर्ष के कारावास और 90 हजार रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई गई। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने स्पष्ट किया कि मामला व्यक्तिगत ऋण मंजूर करने और उसके भुगतान के बदले अवैध रिश्वत मांगने से संबंधित था। न्यायालय के फैसले के बाद भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई में एक और महत्वपूर्ण सफलता दर्ज हुई है।

## खबर संक्षिप्त

### ग्राम स्तरीय चौपाल में महिलाओं को बैंकिंग योजनाओं की जानकारी



**खेरवाड़ा@पदमावत मीडिया।** राजस्थान ग्रामीण बैंक एवं नाबार्ड के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान ग्रामीण बैंक शाखा खेरवाड़ा की ओर से मंगलवार को ग्राम स्तरीय जागरूकता चौपाल आयोजित की गई। इसमें महिलाओं को बैंकिंग सेवाओं और सरकारी योजनाओं की जानकारी दी गई। मुख्य अतिथि वित्तीय साक्षरता सलाहकार दिनेश कुमार जैन और अध्यक्षता शाखा प्रबंधक राजकुमार कसारा ने की। महिलाओं को स्वयं सहायता समूह बनाकर बैंक से ऋण सुविधा लेने, नियमित बचत और समय पर ऋण चुकाने के लिए प्रेरित किया गया। चौपाल में प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, अटल पेंशन योजना और फसल बीमा योजना सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। डिजिटल बैंकिंग के प्रति जागरूक करते हुए एटीएम पिन, सीवीवी और बैंक खाते की जानकारी किसी से साझा नहीं करने की सलाह दी गई। संचालन सहायक प्रबंधक आनंद जांगिड़ ने किया।

### यज्ञ मोक्ष प्राप्ति का प्रमुख सहायक : आचार्य योगेश



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** आर्य समाज हिरण मगरी के वेद प्रचार समारोह के तीसरे दिन अंतरराष्ट्रीय वैदिक प्रवक्ता योगेश भारद्वाज ने कहा कि यज्ञ मोक्ष प्राप्ति का प्रमुख सहायक होने के साथ पर्यावरण शुद्धि, आरोग्यता, सुख-समृद्धि और संस्कार संवर्धन में भी सहायक है। उन्होंने मनुस्मृति में स्त्रियों के सम्मान और प्रतिष्ठा से जुड़े प्रसंगों का उल्लेख किया। भजनोपदेशक पंडित केशव देव शर्मा ने ईश्वर, पितृ और राष्ट्र भक्ति से ओतप्रोत भजनों की प्रस्तुति दी। वानप्रस्थी मुनि नरेंद्र आर्य ने सत्यार्थ प्रकाश को विश्व की समस्याओं के समाधान का मार्गदर्शक बताया। विश्व शांति के लिए यज्ञ हुआ। स्वागत प्रधान संजय शांडिल्य, आभार मंत्री वेद मित्र आर्य और संचालन उपमंत्री भूपेंद्र शर्मा ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आर्यजन उपस्थित रहे। छह दिवसीय समारोह 27 अगस्त तक चलेगा, जबकि 28 अगस्त को श्रावणी उपाकर्म के साथ समापन होगा।

### संगठित अपराध के खिलाफ STF की कार्रवाई, 2026 में 512 आरोपी गिरफ्तार

**चंडीगढ़@पदमावत मीडिया।** हरियाणा पुलिस की एसटीएफ ने संगठित अपराध, गैंगस्टर नेटवर्क और फिरौती की धमकी भरी कॉल्स के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 1 जनवरी से 24 अगस्त 2026 तक 512 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इनमें 55 मोस्ट वांटेड, 270 गैंगस्टर या गैंग सदस्य और 187 अन्य गंभीर अपराधों में शामिल आरोपी हैं। पुलिस के अनुसार वर्ष 2024 से अब तक एसटीएफ ने 1,972 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वहीं 2025-26 में 21 गैंगस्टरों को विदेश से भारत लाया गया और 12 को विदेशों में हिरासत में लिया गया। वर्ष 2026 में फिरौती से जुड़े 109 मामले दर्ज हुए हैं। एसटीएफ और जिला पुलिस द्वारा तकनीकी निगरानी एवं खुफिया सूचनाओं के आधार पर इन मामलों में कार्रवाई की जा रही है। वर्ष 2025 से अब तक हत्या और फायरिंग की 126 संभावित वारदात तथा नौ संभावित बम विस्फोट की घटनाओं को भी समय रहते रोकने का दावा पुलिस ने किया है। डीजीपी अजय सिंघल ने कहा कि संगठित अपराध और फिरौती के मामलों में जीरो टॉलरेंस की नीति के तहत कार्रवाई जारी रहेगी। एसटीएफ का लक्ष्य अपराधियों की गिरफ्तारी के साथ उनके पूरे नेटवर्क को कमजोर करना है।




## राजसमंद प्रशासन का अभिनव डिजिटल नवाचार 'राजगति', अब बैठक की सूचना से कार्यवाही तक सब कुछ एक मंच पर

### जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा की पहल से सितंबर से शुरू होगा डिजिटल प्रबंधन, नोटिस, एजेंडा, दस्तावेज और कार्यवाही विवरण होंगे ऑनलाइन उपलब्ध

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com



**राजसमंद।** प्रशासनिक कार्यप्रणाली को अधिक पारदर्शी, समयबद्ध, जवाबदेह और तकनीक आधारित बनाने की दिशा में राजसमंद जिला प्रशासन ने अभिनव पहल की है। जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा की पहल पर राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) जिला कार्यालय के सहयोग से 'राजगति पोर्टल' विकसित किया गया है। इस डिजिटल व्यवस्था के माध्यम से जिला स्तर पर आयोजित होने वाली प्रशासनिक बैठकों की सूचना से लेकर बैठक के बाद की कार्यवाही तक पूरी प्रक्रिया एक ही डिजिटल मंच से संचालित की जाएगी। इसका क्रियान्वयन सितंबर माह से शुरू किया जाएगा। 'राजगति पोर्टल' के माध्यम से बैठक निर्धारित होने से लेकर संबंधित अधिकारियों को सूचना भेजने, बैठक का एजेंडा एवं आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने, विभागीय जानकारी साझा करने तथा बैठक के बाद कार्यवाही विवरण सुरक्षित रखने तक की प्रक्रिया डिजिटल रूप से व्यवस्थित होगी। इससे बैठक प्रबंधन अधिक सरल, प्रभावी और पारदर्शी बनने के साथ प्रशासनिक समय की भी बचत होगी।

**कलेक्ट्रेट से ऑनलाइन भेजा जाएगा बैठक का नोटिस**

पोर्टल की प्रमुख विशेषता यह होगी कि जिला कलेक्टर कार्यालय से विभिन्न विभागों एवं संबंधित अधिकारियों को बैठक के नोटिस ऑनलाइन भेजे जाएंगे। बैठक निर्धारित होते ही संबंधित अधिकारी को पोर्टल के माध्यम से सूचना प्राप्त हो सकेगी। इससे बैठक की जानकारी समय पर मिलने के साथ अधिकारियों को आवश्यक तैयारी के लिए पर्याप्त समय मिलेगा।

**एजेंडा और दस्तावेज भी एक ही मंच पर**

बैठक से संबंधित ज्ञापन, एजेंडा, आवश्यक दस्तावेज, विभागीय सूचनाएं, बैठक की कार्यवाही और लिए गए निर्णयों से संबंधित अभिलेख पोर्टल पर व्यवस्थित रूप से उपलब्ध रहेंगे। इससे अधिकारी बैठक से पहले आवश्यक तैयारियां कर सकेंगे और पूर्व में लिए गए निर्णयों एवं कार्यवाही की जानकारी भी आसानी से देख सकेंगे।

'राजगति' के माध्यम से विभिन्न समितियों एवं विभागीय बैठकों का आयोजन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार करना भी आसान होगा। बैठक की तिथि, समय और विषय की डिजिटल सूचना संबंधित अधिकारियों तक पहुंचने से विभागीय समन्वय मजबूत होगा तथा बैठकों में अधिकारियों की सक्रिय भागीदारी बढ़ने की उम्मीद है।

**निर्णयों के क्रियान्वयन में आएगी तेजी**

जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य केवल बैठक की प्रक्रिया को ऑनलाइन करना नहीं, बल्कि बैठक प्रबंधन को परिणामोन्मुख बनाना है। बैठकों में लिए गए निर्णयों और कार्यवाही का डिजिटल रिकॉर्ड उपलब्ध रहने से योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा में निरंतरता आएगी तथा निर्णयों के क्रियान्वयन को गति देने में भी मदद मिलेगी।

**सितंबर से पोर्टल के माध्यम से होंगी बैठकें**

जिला प्रशासन द्वारा सितंबर से 'राजगति पोर्टल' के माध्यम से जिला स्तर की बैठकों का डिजिटल प्रबंधन शुरू किया जाएगा। इससे कागजी कार्यवाही में कमी, प्रशासनिक समय की बचत, विभागीय समन्वय में वृद्धि और निर्णयों के प्रभावी क्रियान्वयन को गति मिलने की उम्मीद है।

**जिला स्तरीय अधिकारियों को दिया गया पहला प्रशिक्षण**

सोमवार को जिला कलेक्टर अरुण कुमार हसीजा की अध्यक्षता में 'राजगति पोर्टल' के संबंध में प्रथम प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इसमें जिले के सभी जिला स्तरीय अधिकारियों ने भाग लिया। अधिकारियों को पोर्टल के माध्यम से बैठक संबंधी सूचना प्राप्त करने, ऑनलाइन दस्तावेज देखने, आवश्यक जानकारी साझा करने तथा बैठक के बाद कार्यवाही विवरण को डिजिटल रूप से व्यवस्थित करने की प्रक्रिया की जानकारी दी गई।

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को पोर्टल का प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने तथा निर्धारित बैठकों में समयबद्ध रूप से सहभागिता करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तकनीक आधारित यह व्यवस्था प्रशासनिक कामकाज को अधिक व्यवस्थित, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

## उदयपुर की नेहा पण्ड्या को मिला बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट अवार्ड

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com




**उदयपुर।** उदयपुर की प्रोफेशनल मेकअप आर्टिस्ट नेहा पण्ड्या ने अपनी मेहनत, हुनर और प्रतिभा के दम पर शहर का नाम रोशन किया है। 19 अगस्त को चित्तौड़गढ़ में आयोजित ब्यूटी आइकॉन अवार्ड शो में नेहा पण्ड्या को उदयपुर की बेस्ट मेकअप आर्टिस्ट के सम्मान से नवाजा गया। समारोह में 400 से अधिक मेकअप आर्टिस्ट को सम्मानित किया गया।

नेहा पण्ड्या की उपलब्धियों में खास बात यह भी है कि उन्हें लोकप्रिय टीवी धारावाहिक दीया और बाती हम की प्रसिद्ध कलाकार नीलू वाघेला का मेकअप करने का अवसर मिल चुका है। इसके अलावा वह ये रिश्ता क्या कहलाता है धारावाहिक से पहचान बनाने वाले करण मेहरा का भी मेकअप कर चुकी हैं।

बांसवाड़ा जिले के छोटे से गांव आंजना से उदयपुर आकर अपने करियर की शुरुआत करने वाली नेहा ने महज दो वर्षों में अपनी मेहनत और रचनात्मकता के दम पर मेकअप आर्टिस्ट के रूप में अलग पहचान बनाई है। उनके काम को सोशल मीडिया पर भी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। इंस्टाग्राम पर उनके 60 हजार से अधिक फॉलोअर्स हैं, जबकि यूट्यूब पर 700 से अधिक लोग उनके चैनल से जुड़े हैं।

नेहा पण्ड्या का कहना है कि यह सम्मान उनके लिए सिर्फ एक पुरस्कार नहीं, बल्कि आगे और बेहतर काम करने की प्रेरणा है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय ब्यूटी आइकॉन अवार्ड शो के आयोजक ईशान अंसारी और अपने पति विपुल पण्ड्या के निरंतर सहयोग को दिया। उन्होंने कहा कि परिवार और शुभचिंतकों के सहयोग के साथ मेहनत और अपने काम के प्रति समर्पण ने उन्हें इस मुकाम तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। नेहा की इस उपलब्धि पर उदयपुर के कला एवं सौंदर्य जगत से जुड़े लोगों और शुभचिंतकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

## सड़क सुरक्षा और कानून व्यवस्था को लेकर प्रशासन अलर्ट



**डूंगरपुर@पदमावत मीडिया।** जिला कलक्टर देशलदान की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार की मौजूदगी में मंगलवार को सड़क सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण और कानून व्यवस्था मजबूत करने को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए गए। कलक्टर ने ब्लैक स्पॉट पर सुधार कार्य जल्द पूरा करने, राष्ट्रीय राजमार्ग एवं प्रमुख मार्गों से अतिक्रमण हटाने और यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। निजी विद्यालयों की बाल वाहिनियों के औचक निरीक्षण और नियमों का उल्लंघन मिलने पर कार्रवाई के निर्देश भी दिए। बिछीवाड़ा और सागवाड़ा क्षेत्र में सड़कों के किनारे अतिक्रमण चिन्हित कर हटाने के निर्देश दिए गए। कलक्टर ने अवैध खेती पर निगरानी बढ़ाने तथा आगामी चुनावों को देखते हुए अपराधी प्रवृत्ति के लोगों को चिन्हित कर कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस अधीक्षक मनीष कुमार ने एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की समीक्षा करते हुए मादक पदार्थों के अवैध कारोबार, खेती, उत्पादन, खरीद-फरोख्त और भंडारण पर सख्ती से कार्रवाई करने तथा नाकाबंदी और चेकिंग के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। बैठक में जिला एवं ब्लॉक स्तर के अधिकारी मौजूद रहे।

## लेकसिटी की माइशा मेहता ने जीता स्वर्ण पदक, राष्ट्रीय स्तर पर बढ़ाया गौरव




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** जयपुर में आयोजित प्रतिष्ठित जयपुर योगा लीग में देश भर के विभिन्न राज्यों से आए प्रतिभाशाली बच्चों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। प्रतियोगिता की अंडर-10 श्रेणी में कुल 33 प्रतिभागियों ने अपने योग कौशल, संतुलन, लचीलापन और अनुशासन का शानदार प्रदर्शन किया। प्रीति सोगानी ने बताया कि इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में लेकसिटी की माइशा ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) अपने नाम किया। देश के अलग-अलग राज्यों से आए प्रतिभागियों के बीच शानदार प्रदर्शन कर प्रथम स्थान प्राप्त करना माइशा की मेहनत, लगन, नियमित अभ्यास और योग के प्रति समर्पण का प्रमाण है। माइशा विट्टी इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा फर्स्ट-ए की छाया है। माइशा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने योग प्रशिक्षक राजू सिंह खिंची व परिवार को दिया है। योग प्रशिक्षक राजू खिंची ने माइशा को निरन्तर अभ्यास और बेहतर प्रदर्शन के लिए सदैव प्रोत्साहित किया है। माइशा की इस उपलब्धि में प्रशिक्षक राजू सिंह खिंची का बडा हाथ है। माइशा ने 3 साल की उम्र में ही योगा सीखना शुरू कर दिया था। बेसिक योगा की ट्रेनिंग अनिता बाबेल से शुरू की। बेसिक योगा पूर्ण होने के बाद एडवांस योगा की तैयारी कोच खिंची के निर्देशन में कर रही है।

## 40 दिवसीय चालीहा महोत्सव का भव्य समापन




**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** पूज्य सिंधी पंचायत हिरण मगरी सेक्टर 3 से 8 की ओर से आयोजित 40 दिवसीय चालीहा महोत्सव का समापन झूलेलाल भवन, सेक्टर-4 में श्रद्धा और उत्साह के साथ हुआ। बड़ी संख्या में समाजबंधुओं एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। समापन अवसर पर बहराणा साहब का विधिवत विसर्जन किया गया। महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा भगवान झूलेलाल के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। महाराज साधुराम एवं मंडली ने भजन संध्या और सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं।

श्रद्धालुओं ने पल्लव की रस्म निभाकर सुख-समृद्धि की कामना की। पंचायत अध्यक्ष मुरली राजानी का जन्मदिन भी समाजबंधुओं के साथ मनाया गया। केक काटकर उन्हें शुभकामनाएं दी गईं और उपरना पहनाकर सम्मान किया गया। श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद की व्यवस्था भी की गई। पंचायत पदाधिकारियों ने कहा कि चालीहा महोत्सव जैसे आयोजन समाज को एकजुट करने के साथ धार्मिक आस्था, संस्कृति और परंपराओं को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का माध्यम हैं।

## टीबी मरीजों को समय पर पूरा उपचार और 'नशा मुक्त दौसा' के लिए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश



**जयपुर/दौसा@पदमावत मीडिया।** राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने मंगलवार को जिला कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक लेकर टीबी, नशामुक्ति और शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने टीबी मरीजों को समय पर पूरा उपचार उपलब्ध कराने तथा जिले को नशामुक्त बनाने के लिए प्रभावी कार्रवाई के निर्देश दिए। राज्यपाल ने कहा कि टीबी के प्रत्येक मरीज को समुचित उपचार मिले और गंभीर मरीजों को आवश्यकता अनुसार अस्पताल में भर्ती कराया जाए। उन्होंने नशे के स्रोतों को चिन्हित कर कार्रवाई करने तथा शिक्षण संस्थानों के आसपास नशीले पदार्थों की उपलब्धता रोकने के निर्देश दिए। शिक्षा व्यवस्था की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित नहीं रहे और पढ़ाई बीच में न छोड़े। उन्होंने शिक्षकों से विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने तथा शिक्षा के प्रति जिम्मेदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

## बड़ी अस्पताल परिसर में मानव सेवा समिति ने किया वृक्षारोपण



**उदयपुर@पदमावत मीडिया।** मानव सेवा समिति की ओर से बड़ी अस्पताल परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुलाबचंद कटारिया ने किया। समिति के सचिव शिवरतन तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम में ग्रामीण विधायक फूल सिंह मीणा सहित समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। अध्यक्ष प्रकाश वर्डिया ने समिति द्वारा पिछले 30 वर्षों से किए जा रहे जनहित कार्यों की जानकारी दी। गुलाबचंद कटारिया ने जनसेवा का आह्वान करते हुए लोगों से अपनी माता के नाम पर एक-एक पौधा लगाने की अपील की। कार्यक्रम के अंत में सचिव शिवरतन तिवारी ने आभार जताया।

## एक करोड़ महिलाओं को अगले तीन वर्षों में सीधे रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य : मुख्यमंत्री

पदमावत मीडिया
padmavatmedia@gmail.com

**पटना।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने मंगलवार कोमुख्यमंत्री सचिवालय स्थित संवाद सभागार में रक्षाबंधन के पूर्व आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं को रोजगार और स्वास्थ्य से जोड़ने के लिए तीन दिवसीय विशेष अभियान की शुरूआत की है। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि अगले तीन वर्षों में बिहार की एक करोड़ महिलाओं को सीधे रोजगार से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। 25, 26 और 27 अगस्त तक चलनेवाले इस विशेष अभियान में स्वास्थ्य विभाग, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग एवं अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति कल्याण विभाग के माध्यम से विभिन्न योजनाओं का लाभ महिलाओं तक पहुंचाया जाएगा। अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि बिहार की समृद्धि का रास्ता महिलाओं के सशक्तीकरण से होकर जाता है। सरकार का लक्ष्य है कि वर्ष 2030 के विधानसभा चुनाव से पहले एक करोड़ महिलाओं को सीधे रोजगार से जोड़ा जाए। जीविका से जुड़ी करीब 1.81 करोड़ महिलाओं और 13 लाख से अधिक स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का काम लगातार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि महिलाओं और बच्चों के स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए एनीमिया मुक्त बिहार अभियान भी शुरू किया गया है। अभियान के तहत बिहार में बच्चों, महिलाओं और विशेष रूप से गर्भवती महिलाओं की एनीमिया की जांच की जाएगी तथा जरूरत के अनुसार उनका उपचार और दवा उपलब्ध कराई जाएगी। बड़ी संख्या में महिलाएं एनीमिया से प्रभावित हैं और गर्भवती महिलाओं में एनीमिया जच्चा-बच्चा दोनों के स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बन सकता है। मुख्यमंत्री ने 'अनीमिया मुक्त बिहार' विशेष अभियान का शुभारंभ किया। यह अभियान 25 अगस्त से 30 नवंबर 2026 तक संचालित किया जाएगा। अभियान के माध्यम से राज्य में एनीमिया की रोकथाम, जांच, उपचार एवं जागरूकता को व्यापक स्तर पर बढ़ावा दिया जाएगा। अभियान के तहत लगभग 1 करोड़ 20 लाख 82 हजार 500 लाभार्थियों तक पहुंचने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की ओर से टीबी उन्मूलन अभियान के तहत भी बड़ी संख्या में लोगों की स्क्रीनिंग की गई है। अब स्वास्थ्य सेवाओं को जिला स्तर तक मजबूत किया जा रहा है। जिलों में 36 तरह के ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है, जिससे लोगों को हर छोटी-बड़ी स्वास्थ्य सुविधा के लिए पटना आने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी। मुख्यमंत्री ने पशुपालन एवं दुग्ध क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की घोषणा करते हुए कहा कि वर्तमान में करीब 12 लाख किसान दुग्ध उत्पादन से जुड़े हैं।

## मतदान दलों को निष्पक्ष एवं भयमुक्त चुनाव का प्रशिक्षण देने के निर्देश



**जयपुर@पदमावत मीडिया।** नगरीय निकाय आम चुनाव-2026 को स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने के लिए मतदान दलों का प्रशिक्षण 26 और 27 अगस्त को आयोजित होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने मंगलवार को जयपुर शहर के प्रशिक्षण स्थलों का जायजा लेकर अधिकारियों को मतदान कार्मिकों को ईवीएम से मतदान कराने की प्रक्रिया, चुनाव संबंधी सावधानियों और उनके दायित्वों का समुचित प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। जयपुर जिले के विभिन्न उपखंडों एवं शहर के कुल 14 प्रशिक्षण स्थलों पर करीब 13,076 पीआरओ एवं पीओ प्रथम को दो पारियों में प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रथम पारी सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तथा द्वितीय पारी दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक होगी।

दैनिक पदमावत मीडिया – डिजिटल संस्करण, स्वत्वाधिकारी व प्रकाशक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, प्रधान कार्यालय - गणेश नगर, कांदिवली वेस्ट, मुम्बई, महाराष्ट्र, भारत - 400067 से अमुद्रित ऑनलाइन प्रकाशित। सम्पादक : पवन माँगीलाल जैन उर्फ पवन जैन पदमावत, मो. नं.: +91-95945-42679 / e-mail:- padmavatmedia@gmail.com / Web:- padmavatmedia.in / पंजीकृत संख्या : MH180326353 / (नोट : पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी)। सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुम्बई, महाराष्ट होगा। उक्त ई-पेपर को अवैध रुप से छपवाना कानूनी अपराध हैं।